# प्रेस नोट,दिनांक-20.09.2024 जनपद प्रतापगढ़

## थाना कोतवाली देहात, जनपद प्रतापगढ़

**पुलिस मुठभेड़ में गैंगस्टर एक्ट में वांछित एवं हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त के पैर में लगी गोली**
**एसपी डॉ० अनिल कुमार के निर्देशन में प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा की जा रही ताबड़तोड़ कार्यवाही से अपराधी जा रहे जेल**
**अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री शिवनारायण वैश के नेतृत्व में अपराधियों पर हो रही लगातार कार्यवाही**
**थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर रामपुर मुस्तर्का पुलिया के पास हुई मुठभेड़ में 01 गैंगस्टर अभियुक्त के पैर में लगी गोली/ गिरफ्तार**
**गंभीर रूप से घायल अभियुक्त को बेहतर उपचार हेतु तुरंत रेफेर किया गया एसआरएन मेडिकल कॉलेज प्रयागराज-**
**01 बदमाश मौके से भौगोलिक स्थिति का लाभ उठाकर भाग निकला**
**मु0अ0सं0 313/24 धारा 2/3 उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट थाना को0 देहात प्रतापगढ़ में था वांछित**
**अभियुक्त के विरुद्ध जनपद प्रतापगढ़ के थाना कोतवाली नगर, थाना कोतवाली देहात, थाना लीलापुर में लगभग 01 दर्जन मुकदमा पंजीकृत है**
**अभियुक्त मारपीट, चोरी, अपहरण, हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट व विस्फोटक अधिनियम जैसे जघन्य अपराधों में संलिप्त**
**अभियुक्त के विरुद्ध 18ए की हिस्ट्रीशीट दर्ज है**
**गैंगस्टर / हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु एसपी के निर्देशन में लगातार की जा रही थी चेकिंग**
**अभियुक्त के कब्जे से अवैध 01 तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 03 जिंदा कारतूस 315 बोर किया गया बरामद-**

प्रतापगढ़-

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात अभिषेक सिरोही मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति/ वाहनों की चेकिंग के लिए थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत छैवा पुल पहुंचे । तभी मुखवीर द्वारा सूचना मिली की एक शातिर अपराधी सूरज सिंह पुत्र लल्लू सिंह नि0 लोका का पुरवा पुरे खुशई मोहनगंज थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतागपढ़ गैंगेस्टर एक्ट के मुकदमें में वांछित है । प्राप्त सूचना पर रामपुर मुस्तर्का पुलिया पर अपने एक साथी के साथ मोटर साइकिल के साथ खड़ा है दोनो अवैध असलहा रखे है । किसी बड़ी घटना को करने की फिराक में है । प्रभारी निरीक्षक मय हमराह के साथ रामपुर मुस्तर्का पुलिया के पास पहुंचे । पुलिया के ऊपर मोटर साइकिल के पास खड़े दोनों व्यक्ति द्वारा मोटर साइकिल स्टार्ट कर भागने का प्रयास किया गया । परन्तु मोटर साइकिल स्टार्ट नही हुई । पुलिस टीम दो पार्टियों में बटकर दोनो व्यक्तियो के पास पहुंचने लगे कि एक व्यक्ति ने पीछे मुड़कर जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। आत्म सुरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जबाबी फायरिंग में हुई मुठभेड़ में गैंगस्टर एक्ट में वांछित 01 शातिर अभियुक्त सूरज सिंह उपरोक्त के दाहिने पैर के घुटने के नीचे लगी गोली है । जबकि दूसरा व्यक्ति मोटर साइकिल स्टार्ट कर मौके से अंधेरा/ भौगोलिक स्थिति का लाभ उठाकर भाग निकला ।

अभियुक्त  के विरुद्ध सूरज सिंह उपरोक्त थाना कोतवाली नगर, थाना कोतवाली देहात, थाना लीलापुर में में लगभग 01 दर्जन मारपीट, चोरी, अपहरण, हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट व विस्फोटक अधिनियम जैस अभियोग पंजीकृत थे जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में दबिश दी जा रही थी।

इसी क्रम में दिनांक 19.09.2024 को रात्रि को ASP(E) श्री दुर्गेश कुमार सिंह व CO नगर श्री शिवनारायण वैश के नेतृत्व मे प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात अभिषेक सिरोही मय

हमराह उ0नि0 राहुल कुमार, उ0नि0 अनीश कुमार यादव, , उ0नि0 मृत्युन्जय पाण्डेय, का0 मनीष कुमार पाण्डेय, का0 धीरज कुमार, का0 जन्मेजय चौरसिया, का0 विजय बहादुर, , का0 गजेन्द्र मय चालक का0 विशाल चौधरी द्वारा रामपुर मुस्तर्का पुलिया के पास मुखबिर की सूचना पर गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तारी के लिए संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किया गया। जिस पर अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गयी । आत्म सुरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जबाबी फायरिंग में हुई मुठभेड़ में गैंगस्टर का 01 शातिर अभियुक्त सूरज सिंह (उम्र-23 वर्ष) पुत्र लल्लू सिंह निवासी लोका का पुरवा पूरेखुशई, मोहनगंज थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ के दाहिने पैर के घुटने के नीचे लगी गोली। जिसकों चिकित्सकीय ईलाज हेतु जिला अस्पताल प्रतापगढ़ रवाना किया गया। गंभीर रूप से घायल अभियुक्त को बेहतर उपचार हेतु तुरंत रेफर किया गया एसआरएन मेडिकल कॉलेज प्रयागराज। 01 बदमाश मौके से भौगोलिक स्थिति का लाभ उठाकर भाग निकला । फरार अभियुक्त को चिन्हित करते हुए शीघ्र ही गिरफ्तार किया जायेगा।

उक्त घटना में पुलिस टीम पर फायर करने एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली देहात में मु0अ0सं0 314/2024 धारा 109 BNS व 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

शातिर अपराधी सूरज सिंह उपरोक्त पर मारपीट, चोरी, अपहरण, हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट व विस्फोटक अधिनियम के लगभग 01 दर्जन मुकदमें दर्ज है। शातिर अपराधी से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 खोखा कारतूस व 03 जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध 18ए की हिस्ट्रीशीट दर्ज है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

सूरज सिंह पुत्र लल्लू सिंह निवासी लोका का पुरवा पूरेखुशई मोहनगंज थाना कोतवाली देहात प्रतापगढ़।

सूरज सिंह पुत्र लल्लू सिंह निवासी लोका का पुरवा पूरेखुशई मोहनगंज थाना कोतवाली देहात, प्रतापगढ़ का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 250/21 धारा 323/325/504/506/452 भादवि थाना को0 नगर प्रता0
2. मु0अ0सं0 279/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना को0 नगर प्रता0
3. मु0अ0सं0 937/19 धारा 147/148/149/332/353/307 भादवि थाना को0 नगर प्रता0
4. मु0अ0सं0 1064/19 धारा 411 भादवि थाना को0 नगर प्रता0
5. मु0अ0सं0 528/22 धारा 411/413/414/465 भादवि थाना को0 नगर प्रता0
6. मु0अ0सं0 48/23 धारा 379 भादवि थाना को0 नगर प्रता0
7. मु0अ0सं0 64/23 धारा 411/419/465 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना लीलापुर प्रता0
8. मु0अ0सं0 394/23 धारा 4/5 विस्फोटक अधि0 थाना लीलापुर प्रता0
9. मु0अ0सं0 50/24 धारा 379/411/413 भादवि थाना को0 देहात प्रता0
10. मु0अ0सं0 116/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व 411/420 भादवि थाना को0 देहात प्रता0
11. मु0अ0सं0 313/24 धारा 2/3 उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट थाना को0 देहात प्रतापगढ़

बरामदगी का विवरणः-

01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 खोखा कारतूस व 03 जिन्दा कारतूस बरामद।

पुलिस टीम का विवरण-

प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार सिरोही मय हमराह उ0नि0 राहुल कुमार, उ0नि0 अनीश कुमार यादव, , उ0नि0 मृत्युन्जय पाण्डेय, का0 मनीष कुमार पाण्डेय, का0 धीरज कुमार,

का0 जन्मेजय चौरसिया, का0 विजय बहादुर, , का0 गजेन्द्र मय चालक का0 विशाल चौधरी थाना कोतवाली देहात, जनपद प्रतापगढ़ ।

बयान- अपराध कारित करके सभ्य समाज का निर्माण नहीं हो सकता है, अपराध करने का रास्ता सदैव जेल की ओर जाता है। अपराधी चाहे कितना भी शातिर क्यों ना हो पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर ही लेती है। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी रहेगी।

डॉ0 अनिल कुमार
पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़

थाना मानिकपुर, जनपद प्रतापगढ़

प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी

थाना मानिकपुर पुलिस द्वारा कृषि विभाग केन्द्र ऐठू के पास से 01अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अभियुक्त अंकित पटेल के कब्जे से 04 अदद देशी बम किया गया बरामद

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक(पश्चिमी) श्री संजय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अजीत कुमार सिंह के कुशल पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना मानिकपुर श्री दीप नारायण के नेतृत्व में उ0नि0 अतुल तिवारी मय हमराह का0 संजीव कुमार, का0 अजीत शर्मा, का0 अनुज कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर दिनांक

20.09.2024 को 04 अदद देशी बम के साथ 01 अभियुक्त अंकित पटेल पुत्र रमेश पटेल निवासी त्रिलोचनपुर थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र के कृषि विभाग केन्द्र ऐठू के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त अंकित पटेल पुत्र रमेश पटेल निवासी त्रिलोचनपुर थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ के कब्जे से 04 अदद देशी बम बरामद किया गया। बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 194/2024 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
अंकित पटेल पुत्र रमेश पटेल निवासी त्रिलोचनपुर थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़।

बरामदगी-
04 अदद देशी बम बरामद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-
उ0नि0 अतुल तिवारी मय हमराह का0 संजीव कुमार, का0 अजीत शर्मा, का0 अनुज कुमार थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़।

थाना रानीगंज, जनपद प्रतापगढ़

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार का अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ कड़ा एक्शन,

प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी

वादी मुकदमा की पुत्री को आरोपी द्वारा अपहरण/ दुष्कर्म करने के अभियोग में 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

थाना रानीगंज पुलिस टीम द्वारा क्षेत्रान्तर्गत जरियारी तिराहे के पास से किया गया 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

घटना का विवरण-
वादी मुकदमा की नाबालिक पुत्री को आरोपी द्वारा अपहरण/ दुष्कर्म करने के संबंध में वीदी की प्राप्त तहरीर के आधार पर दिनांक 07.08.2024 को अन्तर्गत धारा 137(2), 87 बीएनएस बनाम 01 नामजद अभियुक्त पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी रानीगंज श्री विनय प्रभाकर साहनी के पर्यवेक्षण प्रभारी निरीक्षक आदित्य सिंह थाना रानीगंज के नेतृत्व में उ0नि0 हरिमोहन राजपूत मय हमराह का0 प्रदीप कुमार, का0 योगेन्द्र यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान, मुखबिर की सूचना पर अन्तर्गत धारा 137(2), 64, 87 बीएनएस व 5L/6 पॉक्सो एक्ट से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त दीपक दुबे पुत्र कृष्ण कुमार उर्फ किशुन निवासी ग्राम श्रीपुर जामताली थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को थाना रानीगंज क्षेत्रान्तर्गत जरियारी तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
1- दीपक दुबे पुत्र कृष्ण कुमार उर्फ किशुन निवासी ग्राम श्रीपुर जामताली थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

उ0नि0 हरिमोहन राजपूत मय हमराह का0 प्रदीप कुमार, का0 योगेन्द्र यादव थाना रानीगंज, जनपद प्रतापगढ़।

**थाना नवाबगंज, जनपद प्रतापगढ़**

**प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी**
**एसपी द्वारा चेकिंग के दिये गये है सख्त निर्देश**
**थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा चोरी की घटना से संबंधित 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार**
**थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत हरदोसपुर के पास बकुलाई नदी पर स्थित पुल से 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार**
**अभियुक्तों के पास से चोरी की 01 अदद ट्यूबेल की मोटर बरामद किया गया।**

**घटना का संक्षिप्त का विवरण-**

थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सैफू का पूरवा निवासी सुरेश कुमार यादव पुत्र रामनरेश यादव के खेत में बने कमरे से 01 ट्यूबेल की मोटर चोरी करने के संबंध मे वादी की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना नवाबगंज पर दिनांक 19.09.2024 में मु0अ0सं0 162/2024 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) श्री संजय सिंह व क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अजीत सिंह के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष नवाबगंज श्री धीरेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में उ0नि0 संतोष कुमार यादव मय हमराह का0 रविन्द्र कुमार, का0 प्रशान्त राठी द्वारा तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, रात्रि गश्त के दौरान, थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत हरदोसपुर के पास बकुलाई नदी पर स्थित पुल से 02 अभियुक्तों 01-अंकित पटेल पुत्र लालू निवासी ग्राम बकीराबाद मद्दूपुर थाना नवाबगंज

जनपद प्रतापगढ़, 02- राजेश कुमार पुत्र बंशीलाल निवासी ग्राम बकीराबाद मद्दूपुर थाना नवाबगंज जनपद प्रतापगढ़ को चोरी की 01 ट्यूबेल की मोटर के साथ गिरफ्तार किया गया गया।

उक्त बरामदगी के संबंध में गिरफ्तार अभियुक्तों पूछताछ की गयी तो बताया कि साहब हम लोगों द्वारा सुरेश कुमार यादव पुत्र रामनरेश यादव के खेत में बने कमरे से 01 ट्यूबेल की मोटर चोरी दिनाँक 15.09.2024 को किये थे, बोरी में वही मोटर है कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिये गये। उक्त चोरी घटना के संबंध में थाना नवाबगंज में मु0अ0सं0 162/2024 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है।

गिरफ्तार अभियुक्तों से चोरी के माल बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2)बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-
01- अंकित पटेल पुत्र लालू निवासी ग्राम बकीराबाद मद्दूपुर थाना नवाबगंज जनपद प्रतापगढ़।
02- राजेश कुमार पुत्र बंशीलाल निवासी ग्राम बकीराबाद मद्दूपुर थाना नवाबगंज जनपद प्रतापगढ़।

बरामदगी-
1- चोरी की 01 अदद ट्यूबेल की मोटर बरामद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-
उ0नि0 संतोष कुमार यादव मय हमराह का0 रविन्द्र कुमार, का0 प्रशान्त राठी थाना नवाबगंज, जनपद प्रतापगढ़

**थाना कोतवाली नगर, जनपद- प्रतापगढ**

**पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार का अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ कड़ा एक्शन,**

**प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी**

**थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मारपीट/ हत्या के प्रयास,अपहरण के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार**

**थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा क्षेत्रान्तर्गत महुली नहर पुलिया से वांछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार**

**धारा 191(3), 109, 140(1) बी0एन0एस0 में वांछित था अभियुक्त**

**प्रतापगढ़-**
**दिनांक 18.09.2024 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत बेनीपुर में वादिनी के लड़के को आरोपीगणों द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर मोटरसाइकिल से अपहरण कर मारने पीटने धमकाने आदि आरोपों में प्राप्त तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। मु0अ0सं0 515/24 धारा 191(3), 109, 140(1) बी0एन0एस0 से संबंधित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

**पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर शिव नाराय़ण वैश के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर से उ0नि0 श्री संदीप कुमार तिवारी मय हमराह का0 मोहित प्रताप सिंह, का0 मान सिंह**

**द्वारा तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर खास की सूचना पर मु0अ0सं0 515/24 धारा 191(3), 109, 140(1) बी0एन0एस0 से संबंधित 01 अभियुक्त मो0 किनान पुत्र पुत्र कलीमुद्दीन निवासी ताला थाना कंधई जनपद प्रतापगढ़ को क्षेत्रान्तर्गत महुली नहर पुलिया से गिरफ्तार किया गया।**

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

**1- मो0 किनान पुत्र पुत्र कलीमुद्दीन निवासी ताला थाना कंधई जनपद प्रतापगढ़।**

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

**उ0नि0 श्री संदीप कुमार तिवारी मय हमराह का0 मोहित प्रताप सिंह, का0 मान सिंह थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़।**